राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

RNI NO - UPHIN/2022/86937

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

DKU LIVE
सब पर नज़र, सबकी ख़बर

वर्ष – 04 | अंक – 73 | जौनपुर सोमवार, 27 अक्टूबर 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज – 4 | मूल्य – 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### सीबीआई ने करूर भगदड़ मामले की जांच का जिम्मा संभाला

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने करूर में अभिनेता–राजनेता विजय की पार्टी टीवीके की एक रैली के दौरान भगदड़ मचने से संबंधित मामले की जांच का जिम्मा संभाल लिया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई की एक विशेष टीम तमिलनाडु के करूर में स्थित वेलु सामीपुरम में घटनास्थल का दौरा कर चुकी है। सत्ताइस सितंबर को विजय रैली के दौरान भगदड़ मचने से 41 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 60 से अधिक व्यक्ति घायल हुए थे।

### मध्यप्रदेश देश का शीर्ष टमाटर उत्पादक राज्य बना – मुख्यमंत्री

भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि राज्य समर्थित प्रोत्साहन योजनाओं के कारण पैदावार में हुई वृद्धि के कारण मध्यप्रदेश देश का शीर्ष टमाटर उत्पादक राज्य बन गया है। मध्य प्रदेश सरकार के बयान के अनुसार, किसानों ने उत्साहपूर्वक नकदी फसल उत्पादन को अपनाया है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई है और घरेलू खाद्य आवश्यकताओं को पूरा किया है। यादव ने शनिवार को कहा, ''मध्यप्रदेश देश में टमाटर उत्पादन में नंबर एक है।'' प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकीकरण (पीएम एफएमई) योजना के तहत, टमाटर की खेती पर आधारित लघु उद्योगों को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित किया जा रहा है। यादव ने कहा कि सरकार टमाटर के बीज पर 50 प्रतिशत तक सब्सिडी दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''यह सब्सिडी किसानों को बड़ा सहारा दे रही है। इस योजना का लाभ उठाकर, हमारे किसान भाई आत्मनिर्भर बन रहे हैं और समृद्धि की ओर बढ़ रहे हैं।

### मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने नवंबर के बाद मंत्रिमंडल फेरबदल के संकेत दिए

कर्नाटक, एजेंसी। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शनिवार को संकेत दिया कि नवंबर के बाद राज्य मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा, जब उनकी सरकार अपना आधा कार्यकाल पूरा कर लेगी। बेलगावी में संवाद दाताओं से मुखातिब सिद्धरमैया ने कहा कि कांग्रेस आलाकमान ने चार महीने पहले उनसे मंत्रिमंडल का विस्तार करने के लिए कहा था, लेकिन उन्होंने आलाकमान से कहा कि यह प्रक्रिया उनकी सरकार के ढाई साल पूरे होने के बाद की जाएगी। सिद्धरमैया ने कहा, ''एक बार इस पड़ाव पर पहुंच जाने के बाद मैं उनके साथ विचार– विमर्श करूंगा और उनके मार्गदर्शन के अनुसार आगे बढ़ूंगा।

## यूपी के विकास का प्रतीक बनेगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट - सीएम योगी



गौतमबुद्ध नगर, संवाददाता। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने डॉमेस्टिक टर्मिनल, उद्घाटन समारोह स्थल, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट के बोर्डरूम में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एनआईएएल) और एयरपोर्ट निर्माण एजेंसी के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में परियोजना की प्रगति, आगामी कार्ययोजना और उद्घाटन समारोह की तैयारियों पर पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। इस दौरान, सीएम योगी ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रदेश के विकास का प्रतीक बनेगा, इसलिए निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, समयबद्धता और समन्वय सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में उच्च मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं और उद्घाटन समारोह की तैयारियों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सौंदर्यीकरण, स्वच्छता और यात्री सुविधा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के लिए ठोस और समन्वित कार्ययोजना तैयार करने को कहा। एयरपोर्ट से जुड़ी सड़क और मेट्रो लिंक परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के भी निर्देश दिए गए। यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ क्रिस्टोफ नेलमैन ने नागरिक उड्डयन, सुरक्षा, विस्फोटक निरोधक दस्ता, नियंत्रण इकाई, उप स्टेशन और आधारभूत संरचना से संबंधित अद्यतन जानकारी दी।

## दिल्ली को मिलेगा अपना आधिकारिक लोगो, स्थापना दिवस पर होगा लान्च

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली अपनी विशिष्ट पहचान के लिए जल्द ही एक आधिकारिक लोगो से सुसज्जित होगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोषणा की है कि 1 नवंबर 2025 को दिल्ली दिवस (स्थापना दिवस) पर दिल्ली का पहला आधिकारिक लोगो लॉन्च किया जाएगा। यह लोगो दिल्ली की सांस्कृतिक धरोहर, गौरवशाली इतिहास, आधुनिक विकास और जन–कल्याणकारी शासन का प्रतीक होगा। सीएम गुप्ता ने कहा, यह लोगो दिल्ली की जीवंतता, एकता और प्रगति को दर्शाएगा, जो राजधानी को एक सशक्त ब्रांड के रूप में स्थापित करेगा। लोगो चयन के लिए गठित विशेष समिति की बैठक



शनिवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें पीडब्ल्यूडी व जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, पर्यावरण व उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, मुख्य सचिव राजीव वर्मा और विशेषज्ञ समिति के सदस्य शामिल थे। समिति ने मायगॉव.इन पोर्टल पर आयोजित लोगो डिजाइन प्रतियोगिता में प्राप्त 1,800 से अधिक प्रविष्टियों का मूल्यांकन किया। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति ने इनमें से चुनिंदा डिजाइनों को शॉर्टलिस्ट किया, जिनमें दिल्ली की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक गौरव और आधुनिक आकांक्षाओं का समावेश है।

## केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने दिल्ली एयरपोर्ट पर टर्मिनल–2 का किया उद्घाटन

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने शनिवार को दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उन्नत टर्मिनल–2 (टी–2) का उद्घाटन किया। इससे जीएमआर पहल के तहत श्स्मार्ट, निर्बाध और भविष्य के लिए तैयारश सुविधाओं के साथ इसकी तत्परता का पता चला। मंत्री के दौरे से पहले रात लगभग 11रू15 बजे स्थल निरीक्षण किया गया, जिसमें राष्ट्रीय विकास और संपर्क के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में हवाई अड्डे के महत्व पर प्रकाश डाला गया। सुरक्षा और सेवा के उच्च मानकों को बनाए रखने में सीआईएसएफ कर्मियों के समर्पित प्रयासों और व्यावसायिकता की सराहना की। इस कार्यक्रम में एडीजी विनीता ठाकुर (आईपीएस), आईजी सेंथिल अवूदई कृष्ण राज एस (आईपीएस) और जीएमआर के सुदीप लखटकिया सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। परिचालन और सुरक्षा तैयारियों का कुशल पर्यवेक्षण डीआईजी और सीएएसओ जी. शिव कुमार, कमांडेंट टी–2 आरके सिंह, डीसी टी–2 परमिंदर कौर, और सीआईएसएफ के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। सदियों तक सत्य, धर्म व मानवता की रक्षा के लिए प्रेरित... नवनिर्मित टी–2, यात्री सुविधा को बढ़ाने और हवाई अड्डे के बढ़ते यातायात को सहारा देने के लिए तैयार है। पीएम नरेंद्र मोदी के विश्व स्तर पर स्वीकृत और राष्ट्रव्यापी सम्मानित नेतृत्व में हम अपने हवाई अड्डों को अभूतपूर्व गति से विश्व स्तरीय पारगमन केंद्रों के रूप में विकसित और परिवर्तित कर रहे हैं।

उत्तरी क्षेत्र के कुल यात्री यातायात का लगभग 50 प्रतिशत और प्रतिदिन लगभग 50,000 स्थानांतरणों का प्रबंधन करते हुए दिल्ली एक पसंदीदा स्थानांतरण केंद्र के रूप में उभर रहा है। मेरा मानना है कि यह केवल डायल द्वारा बुनियादी ढांचे के उन्नयन और यात्री प्रवाह को बढ़ाने के निरंतर प्रयास के कारण ही संभव हो पाया है। अब दिल्ली के 40 साल पुराने टर्मिनल 2 को आधुनिक आकांक्षाओं और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए नए सिरे से परिकल्पित और पुनर्जीवित किया गया है।

## पीएम मोदी का ऐलान, भारत और आसियान की होगी 21वीं सदी, बदलेंगे वैश्विक समीकरण

नई दिल्ली, एजेंसी। पीएम मोदी ने 47वें आसियान शिखर सम्मेलन में घोषणा की कि 21वीं सदी भारत और आसियान की है, जो दक्षिण पूर्व एशिया के साथ मिलकर एक समावेशी और टिकाऊ भविष्य बनाएगी। उनके संबोधन ने भारत की एक्ट ईस्ट नीति और विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों को आसियान के समुदाय विजन 2045 के साथ जोड़ा, जिससे क्षेत्र में बढ़ते रणनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों पर बल मिला। यह संबोधन भारत की क्षेत्रीय नेतृत्व की आकांक्षाओं और आसियान के साथ उसकी बढ़ती साझेदारी को दर्शाता है। पीएम नरेंद्र मोदी ने 47वें आसियान शिखर सम्मेलन 2025 को ऑनलाइन संबोधित किया। उन्होंने



जोर देकर कहा कि 21वीं सदी भारत और आसियान देशों की है। उन्होंने दक्षिण पूर्व एशिया के साथ मिलकर एक साझा, सबको साथ लेकर चलने वाला और टिकाऊ भविष्य बनाने के भारत के सपने पर भी बात की। उन्होंने कहा कि आसियान भारत की श्एक्ट ईस्ट नीतिश का एक खास हिस्सा है। शिखर सम्मेलन में बोलते हुए उन्होंने कहा, 21वीं सदी हमारी सदी है। यह भारत और आसियान की सदी है। मुझे यकीन है कि आसियान समुदाय विजन 2045 और विकसित भारत 2047 का लक्ष्य पूरी इंसानियत (मानवता) के लिए एक बेहतर भविष्य बनाएगा। उनके इस भाषण में 10 देशों के इस समूह के साथ भारत के बढ़ते रणनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक रिश्तों पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत और आसियान कई क्षेत्रों में, जैसे– आपदा के समय मदद करना, समुद्र की सुरक्षा, और नीली अर्थव्यवस्था, मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी ऐलान किया कि 2026 को आसियान– भारत समुद्री सहयोग वर्षश के रूप में मनाया जाएगा। यह हिंद महासागर में दोनों के बीच सहयोग के एक नए दौर की शुरुआत करेगा। मलेशिया 2025 के लिए आसियान का अध्यक्ष है।

## मलयेशियाई पीएम से एस. जयशंकर ने मुलाकात किया

नई दिल्ली एजेंसी। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 47वें आसियान शिखर सम्मेलन के दौरान मलयेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत–मलयेशिया संबंधों को मजबूत करने, द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने तथा लोगों के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने पर चर्चा की। जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से अनवर इब्राहिम को सम्मेलन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। जयशंकर ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए लिखा कि उन्हें मलयेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से मिलकर खुशी हुई। उन्होंने कहा कि भारत–मलयेशिया के बीच सहयोग के नए अवसर बन रहे हैं। जयशंकर ने कहा अब दोनों देशों के बीच सीधा संवाद और आपसी संबंध भविष्य में और मजबूत होंगे।

दक्षिण कोरिया के साथ रणनीतिक सहयोग



विदेश मंत्री जयशंकर ने रविवार को दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून से भी मुलाकात की। दोनों देशों के बीच स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप यानी विशेष रणनीतिक साझेदारी पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, रक्षा उत्पादन और जहाज निर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया। जयशंकर ने कहा कि भारत और दक्षिण कोरिया के बीच यह साझेदारी एशिया में औद्योगिक और तकनीकी प्रगति के नए अध्याय खोलेगी।

भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे जयशंकर

जयशंकर कुआलालंपुर में होने वाले 20वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह सम्मेलन भारत–प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा के लिए महत्वपूर्ण मंच है। इसमें सदस्य देश क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचार–विमर्श करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह मंच भारत के लिए अपने इंडो–पैसिफिक विजन" को मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगा।

मोदी का वर्चुअल संबोधन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 22वें आसियान शिखर सम्मेलन को वर्चुअल रूप से संबोधित किया।

## भाजपा–शिंदे सेना का मिशन 150, महायुति की जीत का रोडमैप तैयार

मुंबई, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों के लिए अपनी रणनीति को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है और 140 से 150 सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना बना रही है। इसकी सहयोगी, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, महायुति गठबंधन के तहत 70 से 80 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि भाजपा महा विकास अघाड़ी (एमवीए)के भीतर आंतरिक दरारों को, खासकर उन इलाकों में जहाँ एमवीए का पारंपरिक रूप से प्रभाव रहा है, अपनी पकड़ मजबूत करने के एक अवसर के रूप में देख रही है।



इसकी तैयारी में, मुंबई भाजपा इकाई ने चुनावों से पहले निवासियों के साथ अपने जुड़ाव को मजबूत करने के लिए बूथ प्रबंधन, मतदाताओं तक पहुँच और स्थानीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, जमीनी स्तर पर प्रयास तेज कर दिए हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गठबंधन नेताओं से एकजुटता बनाए रखने का आग्रह किया है और उन्हें ऐसे बयान देने से बचने की सलाह दी है जिससे आंतरिक विवाद पैदा हो सकते हैं। उन्होंने महायुति की निर्णायक जीत सुनिश्चित करने के लिए समन्वय और टीम वर्क को महत्वपूर्ण बताया। महाराष्ट्र के सबसे महत्वपूर्ण निकाय चुनावों में से एक माने जाने वाले बीएमसी चुनाव, दोनों गठबंधनों – भाजपा–शिंदे–सेना के नेतृत्व वाले महायुति और उद्धव ठाकरे के गुट के नेतृत्व वाले एमवीए – की ताकत का परीक्षण करेंगे।

## भारत समुद्री सप्ताह 2025 का उद्घाटन करेंगे अमित शाह

मुंबई, एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 27 अक्टूबर (सोमवार) को सुबह 10:30 बजे मुंबई के नेस्को प्रदर्शनी केंद्र में भारत समुद्री सप्ताह 2025 का भव्य उद्घाटन करेंगे। यह पांच दिवसीय आयोजन, जो 27 से 31 अक्टूबर तक चलेगा, भारतीय बंदरगाह संघ और बंदरगाह, जहाजरानी व जलमार्ग मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। यह समारोह भारत को वैश्विक समुद्री केंद्र के रूप में स्थापित करने, सतत विकास और नीली अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण कदम है। शाह अपने उद्घाटन भाषण में भारत के समुद्री दृष्टिकोण को रेखांकित करेंगे। इस आयोजन में केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर, और तटीय राज्यों के मुख्यमंत्रियों, महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस, गुजरात के भूपेंद्र पटेल, गोवा के प्रमोद सावंत और ओडिशा के मोहन चरण माझी, की उपस्थिति होगी। यह मंच भारत और विदेश के समुद्री उद्योग के नेताओं, नीति निर्माताओं, निवेशकों और नवप्रवर्तकों को एकजुट करेगा। प्रदर्शनियां, पैनल चर्चाएं और संवादात्मक सत्र बंदरगाह, नौवहन, रसद और समुद्री प्रौद्योगिकी में अवसरों को उजागर करेंगे। इसका उद्देश्य भारत की समुद्री क्षमता को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करना और सहयोग व नवाचार को बढ़ावा देना है। भारत समुद्री सप्ताह 2025 विकसित भारत 2047 के तहत समुद्री क्षेत्र की भूमिका पर केंद्रित है। नीली अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने सागरमाला परियोजना, बंदरगाहों का आधुनिकीकरण और हरित शिपिंग जैसी पहलों पर जोर दिया है। हाल के आंकड़ों के अनुसार, भारत के 12 प्रमुख बंदरगाहों ने 2024–25 में 870 मिलियन टन कार्गो संभाला, जो पिछले वर्ष से 6 प्रतिशत अधिक है। इस आयोजन में स्मार्ट पोर्ट्स, डिजिटल लॉजिस्टिक्स और हरित प्रौद्योगिकी जैसे विषयों पर चर्चा होगी।

## तेजस्वी यादव का डबल दांव, पंचायत प्रतिनिधियों को डबल भत्ता, कारीगरों को 5 लाख का ऋण

बिहार, एजेसी। बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान की तारीख नजदीक आने के साथ ही चुनावी घमासान तेज हो गया है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता और विपक्षी महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने आज एक बड़ी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई महत्वपूर्ण चुनावी वादों की घोषणा की। यादव ने कहा कि अगर महागठबंधन सत्ता में आता है, तो वह राज्य की पंचायती राज व्यवस्था के प्रतिनिधियों के लिए भत्ते दोगुने कर देंगे। इस दौरान उनके बगल में विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख और गठ बंधन के उपमुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार मुकेश सहनी मौजूद थे।

पंचायती राज और रोजगार पर फोकस

तेजस्वी यादव ने पंचायत प्रतिनिधियों को बड़ा लाभ देने का वादा करते हुए कहा, पंचायतों और



ग्राम कचहरी के प्रतिनिधि लंबे समय से पेंशन लाभ की मांग कर रहे थे। हमने फैसला किया है कि उन्हें पेंशन मिलेगी। इसके अतिरिक्त, उन्हें 50 लाख रुपये का बीमा कवरेज भी दिया जाएगा। उन्होंने सार्वजनिक वितरण नेटवर्क में काम करने वालों का मार्जिन बढ़ाने का भी वादा किया। इसके अलावा, महागठबंधन ने परंपरागत कारीगरों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि मिट्टी के बर्तन, लोहार और बढ़ईगीरी जैसे व्यवसायों में लगे लोगों को अपना काम बढ़ाने के लिए 5 लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण मिलेगा।

तेजस्वी ने कहा, बिहार बदलाव के लिए आतुर है

अपने वादों को दोहराते हुए, तेजस्वी यादव ने मौजूदा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, बिहार बदलाव के लिए आतुर है। लोग मौजूदा सरकार से तंग आ चुके हैं। लोगों ने उन्हें (एनडीए को) 20 साल दिए। हमें बस 20 महीने चाहिए। हम बिहार को नंबर 1 राज्य बनाने के लिए काम करेंगे। यादव ने एनडीए की आलोचना करते हुए कहा कि उनके वादे (2 करोड़ रोजगार, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया) पूरे नहीं हुए। उन्होंने कहा, हम काम करने में विश्वास रखते हैं।

# संपादकीय

## सबको चुभेगा ये बैन

अलास्का में पुतिन–ट्रंप मुलाकात की उम्मीदें रूसी तेल कंपनियों पर अमेरिकी प्रतिबंधों से खत्म हो गईं। इन प्रतिबंधों से भारत सहित वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित होगी, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और महंगाई बढ़ने की आशंका है। अलास्का में रूसी राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की मुलाकात की उम्मीदें अब पुरानी लगने लगी हैं। अगस्त की वह तस्वीर, जिसमें दोनों नेता एक ही कार में थे, अब यूक्रेन युद्ध पर बातचीत शुरू होने की उम्मीद जगाती थी। लेकिन, रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों, त्वेदमजि और स्नावपस पर अमेरिकी प्रतिबंधों ने इस उम्मीद को खत्म कर दिया है। इस अमेरिकी फैसले का असर भारत सहित पूरी दुनिया को भुगतना पड़ेगा। ट्रंप बुडापेस्ट में पुतिन से मिलने वाले थे, लेकिन बाद में उन्होंने कहा कि वह ऐसी बैठक नहीं करना चाहते जो बेकार साबित हो। इसके ठीक अगले दिन, रूसी कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। ट्रंप सरकार का मानना है कि रूस युद्ध में अपने तेल व्यापार के दम पर टिका हुआ है। इसलिए, यह कदम रूस पर दबाव बनाने के लिए उठाया गया है। पहले भी अमेरिका रूसी तेल पर आपत्ति जताता रहा है, लेकिन भारत और चीन के जरिए इसके व्यापार की छूट देता रहा था। अमेरिकी सहमति के कारण ही दुनिया में तेल की सप्लाई पहले की तरह जारी थी। लेकिन अब नए प्रतिबंध सीधे कंपनियों पर लगाए गए हैं। इसका मतलब है कि इन कंपनियों के साथ किसी भी तरह का व्यापार करना बहुत मुश्किल हो जाएगा। रूस ग्लोबल ऑयल प्रोडक्शन का 11% हिस्सा रखता है, और ये दोनों कंपनियां इसमें से लगभग आधा उत्पादन करती हैं। इन पर बैन लगने से कच्चे तेल की ग्लोबल सप्लाई घट सकती है। हालांकि ओपेक देशों ने अमेरिका के कहने पर पहले ही उत्पादन बढ़ा दिया है, लेकिन रूस के सस्ते तेल की कमी को पूरा करना आसान नहीं होगा।

भारत पर असर

अमेरिकी प्रतिबंधों का असर भारत पर भी पड़ेगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज और अन्य सरकारी व निजी तेल रिफाइनरी कंपनियां रूसी तेल पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं। रिलायंस तो त्वेदमजि की सबसे बड़ी भारतीय खरीदार है। भारतीय कंपनियों ने रूस से तेल खरीदना कम करने की तैयारी शुरू कर दी है।

ब्रेंट क्रूड के दाम में 5% का उछाल

अमेरिकी बैन के बाद ब्रेंट क्रूड के दाम में 5% का उछाल आया है। 21 नवंबर से जब ये प्रतिबंध पूरी तरह लागू हो जाएंगे, तो क्रूड ऑयल की कीमतों में और तेजी आ सकती है। यह भारत जैसे देशों के लिए चिंता की बात है, क्योंकि भारत अपनी 85: तेल जरूरतें आयात से पूरी करता है।

बड़ी चुनौती

यह स्थिति भारत के लिए एक बड़ी चुनौती पेश करती है। भारत को अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वैकल्पिक स्रोतों की तलाश करनी होगी।

रूसी तेल पर निर्भरता कम करने के लिए सरकार और कंपनियों को मिलकर काम करना होगा। यह देखना होगा कि भारत इस मुश्किल दौर से कैसे निपटता है।

यह प्रतिबंध सिर्फ रूस पर ही नहीं, बल्कि उन देशों पर भी असर डालेगा जो रूस से तेल खरीदते हैं। तेल की बढ़ती कीमतें आम आदमी की जेब पर भारी पड़ेंगी।

# संस्कृति से विज्ञान तक छठ पूजा सूर्य की गति और रितु परिवर्तन से भी जुड़ी



डॉ. रामेश्वर

छठ पूजा सूर्य की गति और ऋतु परिवर्तन से भी जुड़ी है। कार्तिक और चौत्र माह में यह पर्व तब आता है जब मौसम में परिवर्तन होता है। यह वह समय है जब पृथ्वी सूर्य की किरणों की दिशा में हल्का झुकाव बदलती है और वातावरण में नई ऊर्जा प्रवाहित होती है। ऐसे में सूर्य उपासना न केवल आध्यात्मिक शांति देती है बल्कि जैविक संतुलन बनाए रखने में भी सहायक होती है। छठ पूजा भारत की जीवंत लोक संस्कृति का वह पर्व है जो आस्था, प्रकृति और विज्ञान को एक सूत्र में बांध देता है। यह पर्व न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भारतीय जीवन–दर्शन, पर्यावरणीय चेतना और वैज्ञानिक सोच का भी प्रतीक है। भारत की मिट्टी में रचे–बसे लोक जीवन में छठ पूजा को सूर्य उपासना और मातृशक्ति की आराधना के रूप में विशेष स्थान प्राप्त है। विशेषकर बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल के तराई क्षेत्रों में यह पर्व लोक संस्कृति का अभिन्न अंग है। गांव की गलियों से लेकर नगरों के घाटों तक, हर जगह श्कांची ह ओ कांची रे छठी मईया और केतकी के फूलवा सुगंधा फैले रे... जैसे लोकगीतों की गूंज इस पर्व को लोक भावना से जोड़ देती है। सूर्योपासना का उल्लेख वेदों में बार–बार मिलता है। गायत्री मंत्र में भी सूर्य की आराधना ही मुख्य विषय है–ओम भुर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात। यह मंत्र सूर्य की उस ऊर्जा का स्मरण कराता है जो संपूर्ण सृष्टि को जीवन देती है। वेदों में सूर्य को श्सविताश कहा गया है, जो जीवन और चेतना का स्रोत है। इसी सूर्य के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने और प्रकृति से संतुलन स्थापित करने के लिए छठ पूजा का विधान बना। पौराणिक मान्यताओं में कहा गया है कि पांडवों के वनवास के दौरान द्रौपदी ने छठ व्रत रखकर संकट से मुक्ति पाई थी, वहीं रामायण में भगवान राम और माता सीता द्वारा कार्तिक शुक्ल षष्ठी को सूर्य की उपासना का उल्लेख मिलता है। इन कथाओं ने इस पर्व को न केवल धार्मिक बल्कि सांस्कृतिक आधार भी प्रदान किया। घाटों पर गूंजते लोकगीतों में मातृत्व, भक्ति और प्रकृति के प्रति प्रेम की भावनाएं अभिव्यक्त होती हैं। महिलाएं छठी मईया तोहर महिमा अपार और उग हे सूरज देव भइनी के नहाइल बानी घाटे जैसे गीत गाते हुए सूर्य और छठी मइया का आह्वान करती हैं। यह लोकसंगीत गांवों की धूल, जल और जन के साथ गूंथी हुई आत्मा की आवाज है। जब सारा समाज एक साथ नदी या तालाब के तट पर एकत्र होता है, तो वहां जाति, वर्ग या लिंग का कोई भेद नहीं रह जाता। हर व्यक्ति समान श्रद्धा के साथ सूर्य को अर्घ्य देता है। यही समरसता भारतीय लोकसंस्कृति का मूल है, जो छठ पूजा के माध्यम से जीवंत हो उठती है। सूर्य हमारे जीवन का आधार है, जिसकी ऊर्जा के बिना पृथ्वी पर कोई अस्तित्व नहीं रह सकता। वेदों में कहा गया है–सूर्योऽत्मा जगतस्तस्थुषश्च। अर्थात सूर्य चर–अचर समस्त सृष्टि की आत्मा है। छठ पूजा के समय जल में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देने का अभ्यास स्वास्थ्य की दृष्टि से भी लाभदायक है। इस समय सूर्य की किरणें कम तीव्र होती हैं और उनका स्पर्श शरीर में विटामिन डी के निर्माण में सहायक होता है। जल में खड़े रहने से शरीर के भीतर का तापमान संतुलित रहता है और त्वचा, आंखों तथा तंत्रिका तंत्र को लाभ पहुंचता है। यह एक प्रकार का वैज्ञानिक ध्यान (सन मेडिटेशन) है जो मानसिक एकाग्रता और आत्मिक शांति प्रदान करता है। लगातार उपवास रखने और सात्विक भोजन ग्रहण करने से शरीर में एक प्रकार का डिटॉक्सिफिकेशन होता है। गुड़, चावल, गन्ना, नारियल और केले जैसे प्रसाद पदार्थों में प्राकृतिक पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो पाचन तंत्र को स्वच्छ और संतुलित रखते हैं। गांवों में लोग कहते हैं–छठ करे जे सच्चे मन से, तन–मन होई पवित्तर। यह लोकविश्वास केवल धार्मिक नहीं बल्कि वैज्ञानिक दृष्टि से भी सत्य है। छठ पूजा में प्रयुक्त सामग्रियां भी पर्यावरणीय दृष्टि से अनुकूल हैं। मिट्टी के दीपक, बांस की सूप, गन्ने के डंडे, फल और शुद्ध अन्न, सब कुछ प्रकृति से प्राप्त होता है और वही फिर प्रकृति को अर्पित किया जाता है। यह जीवन चक्र की निरंतरता का प्रतीक है। व्रती जब नदी या तालाब की सफाई करते हैं और स्नान के लिए घाट सजाते हैं, तो यह न केवल धार्मिक कर्म है बल्कि जल संरक्षण और स्वच्छता का सामाजिक अभियान भी है। छठ पूजा सूर्य की गति और ऋतु परिवर्तन से भी जुड़ी है। कार्तिक और चौत्र माह में यह पर्व तब आता है जब मौसम में परिवर्तन होता है। यह वह समय है जब पृथ्वी सूर्य की किरणों की दिशा में हल्का झुकाव बदलती है और वातावरण में नई ऊर्जा प्रवाहित होती है। ऐसे में सूर्य उपासना न केवल आध्यात्मिक शांति देती है बल्कि जैविक संतुलन बनाए रखने में भी सहायक होती है। भारतीय परंपरा में इसे यथा पिण्डे तथा ब्रह्माण्डे के सिद्धांत से जोड़ा गया है, अर्थात जो कुछ शरीर में होता है वही ब्रह्मांड में भी घटित होता है। छठ पूजा इसी विचार को व्यवहार में उतारने का अवसर देती है, जब मनुष्य प्रकृति के साथ एकात्म हो जाता है। लोकगीतों और परंपराओं में छठी मइया को मातृशक्ति के रूप में देखा जाता है। वे संतान, स्वास्थ्य और समृद्धि की देवी मानी जाती हैं। लोककथाओं में कहा जाता है–छठी मईया के किरपा से घर में हँसी–खुशी बनी रहे।

महिलाएं इस व्रत को अपने परिवार की मंगलकामना के लिए करती हैं। घाटों पर जब हजारों दीप जलते हैं, तब पूरा वातावरण मातृत्व और श्रद्धा से भर उठता है। यह दृश्य केवल भक्ति का नहीं, बल्कि ऊर्जा और संतुलन का प्रतीक है। छठ पूजा यह सिखाती है कि आस्था और विज्ञान एक–दूसरे के विरोधी नहीं बल्कि पूरक हैं।

# आतंकी तंत्र को वित्तीय मदद देने पर एफएटीएफ सख्त

आदित्य

फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने पाकिस्तान को चेतावनी दी है कि ग्रे लिस्ट से बाहर होने का मतलब आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देना नहीं है। पाकिस्तान पर आतंकी संगठनों को वित्तीय मदद देने के आरोप हैं। जैश–ए–मोहम्मद जैसे संगठन महिलाओं को ऑनलाइन आतंक प्रशिक्षण दे रहे हैं। भारत को अपनी कूटनीतिक सक्रियता बढ़ानी होगी और पाकिस्तान के आतंक को बढ़ावा देने के तरीकों से अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को अवगत कराना होगा।

यह अच्छा हुआ कि काले धान को वैध करने और आतंकी तंत्र को वित्तीय मदद देने के तौर–तरीकों पर निगाह रखने एवं उन पर रोक लगाने वाले अंतरराष्ट्रीय संगठन फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स यानी एफएटीएफ ने पाकिस्तान को चेताया कि उसके, उसकी ग्रे लिस्ट से बाहर होने का यह अर्थ नहीं कि उसे वह सब करने की छूट मिल गई है, जिसके चलते उसे इस लिस्ट में शामिल किया गया था। आतंकी संगठनों को वित्तीय मदद मिलने के आरोप में ग्रे लिस्ट में शामिल पाकिस्तान 2022 में इस लिस्ट से बाहर हो सका था। इसके कुछ समय बाद ही उसने अपनी पुरानी हरकतें फिर शुरू कर दीं। वह न केवल पहले की तरह आतंकी संगठनों को पालने–पोसने लगा, बल्कि उनके वित्तीय स्रोतों को बहाल करने के लिए भी सक्रिय हो गया। पिछले कुछ समय में ऐसी कई खबरें आई हैं, जो यह बताती हैं कि पाकिस्तान में किस्म–किस्म के आतंकी संगठनों ने फिर सिर उठा लिया है।

कोई खुलेआम जलसे कर अपने लिए चंदा जुटा रहा है तो कोई आतंकियों की भर्ती कर रहा है। आतंकी गुट जैश –ए–मोहम्मद ने महिलाओं को आतंक की ऑनलाइन ट्रेनिंग देने का धंधा शुरू किया है। इसके जरिये करोड़ों रुपये जुटाने की तैयारी है। एक अन्य आतंकी गिरोह लश्कर–ए–तैयबा भी आतंकियों को नए सिरे से ट्रेनिंग देने में जुट गया है। ये दोनों वे आतंकी गिरोह हैं, जो भारत के लिए खास तौर से खतरा हैं। पाकिस्तान में सक्रिय आतंकी संगठनों की ओर से क्रिप्टोकरेंसी के जरिये भी धन जुटाने की खबरें हैं और इस तथ्य से तो एफएटीएफ भी परिचित होगा कि पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार आतंकी गिरोह टीआरएफ का पाकिस्तान ने किस तरह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बचाव किया था। टीआरएफ लश्कर–ए–तैयबा का ही मुखौटा समूह है। भारत को इससे संतुष्ट नहीं होना चाहिए कि एफएटीएफ ने पाकिस्तान को चेताते हुए कहा कि उसका तंत्र उन देशों की भी निगरानी कर रहा है, जो उसकी ग्रे लिस्ट से बाहर हो चुके हैं। एफएटीएफ के एशिया पैसिफिक ग्रुप को यह देखना है कि पाकिस्तान आतंक के वित्त पोषण को रोकने का काम करता रहे।

चूंकि इस ग्रुप में पाकिस्तान का हितैषी चीन भी है, इसलिए भारत को अपनी कूटनीतिक सतर्कता और सक्रियता बढ़ानी होगी। उसे इस ग्रुप के सदस्यों के साथ वित्तीय मदद देने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को भी पाकिस्तान के आतंक को पोषण देने के तरीकों से परिचित कराना होगा। पाकिस्तान आईएमएफ और एशियाई विकास बैंक जैसी संस्थाओं से वित्तीय सहायता पाने में इसीलिए सक्षम हुआ, क्योंकि वह एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट से बाहर आ गया। भारत को अब अमेरिका के रवैये से भी सावधान रहना होगा, क्योंकि फिलहाल राष्ट्रपति ट्रंप आतंक के आका पाकिस्तान के शुभचिंतक बने हुए हैं।

## .......... विविध/स्वास्थ्य ..........

# त्वचा खुद बताती है सेहत का हाल, इन छोटे-छोटे बदलावों से लगा सकते हैं बीमारियों का पता



लोगों की खराब होती लाइफस्टाइल, खान–पान में गड़बड़ी और शारीरिक रूप से कम सक्रियता ने कई प्रकार की बीमारियों के खतरे को काफी बढ़ा दिया है। लिहाजा मौजूदा समय में क्रॉनिक बीमारियां जैसे डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, किडनी की समस्या और थायरॉयड काफी आम हो गई हैं। ये बीमारियां धीरे–धीरे शरीर को अंदर से कमजोर करती हैं और कई बार इनका तब तक पता नहीं चलता जब तक स्थिति गंभीर न हो जाए। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को समय पर बीमारियों का पता लगाने वाले टेस्ट कराते रहने की सलाह देते हैं। डॉक्टर कहते हैं, हर बार आपको बीमारियों का पता लगाने के लिए जांच कराते रहने की आवश्यकता नहीं होती है। आपकी आंखें, त्वचा, होंठ की बनावट और नमी में आने वाले बदलाव भी शरीर के अंदर चल रही कई बीमारियों के संकेत दे सकते हैं। इनपर गंभीरता से ध्यान देते रहना जरूरी है।

त्वचा में होने वाले बदलावों पर दें ध्यान

मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि शरीर में पनप रही कई बीमारियों का शुरुआती असर त्वचा पर देखा जा सकता है। अगर त्वचा बार–बार सूख रही है या खुजली हो रही है, तो ये थायरॉयड या डायबिटीज का संकेत हो सकता है। इसी तरह से होंठों या त्वचा का नीला पड़ना ऑक्सीजन की कमी या हृदय रोगों का संकेत माना जाता है। अगर आपके चेहरे पर अचानक दाने, एक्ने या रैशेज आने लगें हों तो ये संकेत हो सकता है कि शरीर में हॉर्मोनल असंतुलन हो रहा है या इम्यून सिस्टम में किसी तरह की समस्या है। डॉक्टर कहते हैं, अगर त्वचा पर असामान्य परिवर्तन लंबे समय तक बने रहें, तो उसे नजरअंदाज न करें। शुरुआती जांच और सही इलाज से गंभीर बीमारियों को कंट्रोल किया जा सकता है। इसलिए आईने में त्वचा पर दिख रहे बदलावों पर गंभीरता से ध्यान दें और समय रहते इसका इलाज कराएं। आइए जानते हैं कि त्वचा में किस तरह के बदलाव की क्या संकेत होता है?

गर्दन पर कालापन या धारियों के निशान

अगर आपने अपनी गर्दन या बगलों के आसपास काला धब्बा देखा है, तो यह एकेंथोसिस निग्रिकन्स हो सकता है, जो मधुमेह या पीसीओएस का शुरुआती संकेत है। त्वचा विशेषज्ञ डॉ. गुरवीन वराइच कहती हैं, इस तरह का कालापन संकेत है कि आपके शरीर में इंसुलिन का स्तर गड़बड़ा रहा है। कुछ मामलों में इसे लिवर से संबंधित बीमारियों के लक्षण के रूप में भी देखा जाता है।

आंखों के आसपास पीले रंग का जमाव

अगर आपकी आंखों के आसपास, ऊपरी या निचली पलकों पर छोटे पीले धब्बे दिख रहे हैं और ये बढ़ रहे हैं तो समय रहते इसकी जांच जरूर करा लें। इसे जैंथेलास्मा कहा जाता है। डॉ. वरैच बताती हैं कि ये उच्च कोलेस्ट्रॉल का संकेत हो सकता है, इसलिए अपने लिपिड प्रोफाइल की जांच करवाएं और अगर कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ा हुआ है तो समय रहते इसका इलाज कराएं। इन लक्षणों को अनदेखा करना हृदय रोगों को न्योता हो सकता है।

मुंह के कोनों पर दरारें

आपके होंठों के कोनों पर कट या फटने जैसे निशान सिर्फ ड्राइनेस का संकेत नहीं होते हैं। ये विटामिन–बी12 या आयरन की कमी का संकेत भी हो सकते हैं। ये शरीर के लिए अति आवश्यक पोषक तत्व माने जाते हैं जिनकी कमी बने रहना गंभीर बीमारियों को भी जन्म देने वाला हो सकता है।

खोपड़ी पर गोल–गोल सिक्के जैसे गंजेपन के निशान

अगर आपको बालों के झड़ने का गोल निशान दिखाई दे रहा है, तो यह एलोपेसिया एरीटा हो सकता है। येअक्सर तनाव, थायरॉइड की समस्याओं या ऑटोइम्यून बीमारियों से जुड़ा होता है। इस तरह की समस्याओं को सिर्फ बालों से संबंधित दिक्कत मानकर अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए।

# ठेकुआ बनेंगे एकदम कुरकुरे, बस अपना लें यह टिप्स

छठ पूजा, उत्तर भारत और बिहार का एक प्रमुख त्यौहार है, जो अपने अनोखे रीति–रिवाज के लिए जाना जाता है। इस पर्व पर खरना का दिन बहुत खास माना जाता है। खरना के दिन व्रती विशेष रूप से पकवान तैयार करती हैं। इन पकवानों में सबसे अहम है ठेकुआ, जिसे छठ पूजा का अहम प्रसाद बताया जाता है। ठेकुआ, अपने मीठे और कुरकुरे स्वाद के लिए काफी पसंद किया जाता है। अक्सर लोग इसे बनाते समय ये महसूस करते हैं कि ठेकुआ नरम रह जाता है या इसमें सही कुरकुरापन नहीं आया। ऐसे में अगर आप कुछ आसान टिप्स अपनाएँ, तो आपका ठेकुआ न केवल कुरकुरा होगा बल्कि लंबे समय तक ताजा भी रहेगा। आज के खरना पर घर में बने ठेकुआ का स्वाद पूरे परिवार और पड़ोसियों के दिल को भाएगा। तो आइए जानिए इन टिप्स के बारे में....

सही आटा चुनें

ठेकुआ बनाने के लिए हमेशा गेहूं का बारीक आटा सबसे बेहतर रहता है। अगर आटा मोटा होगा, ठेकुआ पकने पर कठोर रहेगा। थोड़ी सी बाजरा या चोकर डालकर कुरकुरापन और पोषण बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए शुद्ध आटा ही इस्तेमाल करें।

गुड़ का घोल सही हो

ठेकुआ बनाने में गुड़ का इस्तेमाल होता है। गुड़ को ठेकुआ बनाने में इस्तेमाल करना है तो उसके लिए हमेशा गुड़ को हल्का गर्म करके पिघलाएं। इससे आटे में आसानी से मिल जाता है और ठेकुआ एकसमान मीठा बनता है।

तेल का तापमान ध्यान रखें

ठेकुआ बनाते समय ध्यान रखें कि इन्हें मध्यम आंच पर तलें। ध्यान रखें कि आंच बहुत तेज होने पर ठेकुआ बाहर से जल सकता है और अंदर कच्चा रह सकता है। इसलिए हमेशा इसे मध्यम आंच पर ही जलें।

आटे को सही से गूंथना

अब इस आटे को गूंथने का तरीका भी ध्यान रखें। ठेकुआ के लिए कभी भी आटा न ज्यादा नरम न ज्यादा सख्त गूंथें। सही गुंथा हुआ आटा तलते समय टूटता नहीं और कुरकुरा रहता है। वरना हो सकता है कि ठेकुआ टूटने लगें या ज्यादा ही टाइट हो जाएं।

आकार सही रखें

ध्यान रखें कि छोटे ठेकुआ जल्दी और समान रूप से पकते हैं।

बड़े ठेकुआ अंदर कच्चे रह सकते हैं। इसलिए इन्हं बनाते समय इनके आकार का ध्यान रखें। छोटे आकार के एकसमान ठेकुआ बनाकर उसे स्टोर करें।



# छठ पूजा के मौके पर करें इन दिव्य सूर्य मंदिरों के दर्शन, मनोकामना होगी पूरी



छठ पूजा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति का अद्भुत प्रतीक है, जहां सूर्य उपासना के साथ प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जाती है। हर साल कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को यह महापर्व मनाया जाता है, जिसमें डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा निभाई जाती है। इस वर्ष छठ पूजा 2025 की शुरुआत 25 अक्टूबर, शनिवार से होगी और इसका समापन 28 अक्टूबर (मंगलवार) को उषा अर्घ्य के साथ होगा। छठ पर्व के दौरान श्रद्धालु व्रत रखकर जलाशयों के किनारे सूर्य देव की पूजा करते हैं। लेकिन अगर आप इस बार इसे और खास बनाना चाहते हैं, तो देश के कुछ प्रमुख सूर्य मंदिरों के दर्शन अवश्य करें, जिनका संबंधा छठ पूजा से आत्मिक रूप से जुड़ा हुआ है।

देव सूर्य मंदिर औरंगाबाद, बिहार

इसे छठ महापर्व का केंद्र माना जाता है। यहां हर साल लाखों श्रद्धालु पूजा–अर्चना के लिए पहुंचते हैं। देव सूर्य मंदिर, देवार्क सूर्य मंदिर या केवल देवार्क के नाम से प्रसिद्ध यह भारतीय राज्य बिहार के औरंगाबाद जिले में देव नामक स्थान पर स्थित एक हिंदू मंदिर है जो देवता सूर्य को समर्पित है।

कोणार्क सूर्य मंदिर (ओडिशा)

यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में प्रसिद्ध यह मंदिर सूर्य देव की भव्यता का प्रतीक है। सूर्य देव को समर्पित, कोणार्क का निर्माण गंग राजवंश के शासक नरसिंह देव प्रथम द्वारा 13वीं शताब्दी में किया गया था। इसकी स्थापत्य प्रतिभा और इसके कश्मीर से लेकर भारत के पूर्वी हिस्सों तक सूर्य देवता की पूजा के प्रसार के प्रमाण होने के कारण, वर्ष 1984 में इसको यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल की सूची में शामिल किया गया था।

मोधेरा सूर्य मंदिर, गुजरात

गुजरात के रहने वाले हैं तो छठ पूजा में मोधेरा सूर्य मंदिर के दर्शन के लिए जरूर जाएं। यह मंदिर वास्तुकला का उत्कृष्ट उदाहरण है, जहां सूर्य की पहली किरण सीधे गर्भगृह में प्रवेश करती है।

मार्तंड सूर्य मंदिर, जम्मू–कश्मीर

जम्मू कश्मीर में भी सूर्य मंदिर है। यहां मार्तंड सूर्य मंदिर स्थित है जो कि 8वीं शताब्दी में बना था। यह मंदिर प्राचीन कश्मीर की वैभवशाली सभ्यता की झलक देता है।

कन्याकुमारी सूर्य मंदिर, तमिलनाडु

जहां भक्त उगते और डूबते सूर्य दोनों का दर्शन कर सकते हैं, यह अनुभव अद्भुत होता है। छठ पूजा के अवसर पर इन सूर्य मंदिरों के दर्शन न केवल धार्मिक पुण्य प्रदान करते हैं, बल्कि आत्मा को शांति और सकारात्मक ऊर्जा से भी भर देते हैं।

इस पर्व में सूर्य की उपासना के साथ परिवार, पर्यावरण और समाज के प्रति आभार प्रकट करने की परंपरा भी निहित है।

## गाली–गलौज के विरोध पर युवती को पीटा... कपड़े फाड़ दिए, चार को गिरफ्तार किया गया

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ के वजीरगंज निवासी युवती ने विनीत द्विवेदी व 20 अन्य पर गाली–गलौज के विरोध पर उनकी पिटाई करने व कपड़े फाड़ने का आरोप लगाया है। वजीरगंज पुलिस ने 21 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। युवती के मुताबिक



शनिवार को सुबह दस बजे वह मंदिर जा रही थीं। आरोप है कि रास्ते में विनीत उनसे गाली–गलौज करने लगा। विरोध पर आरोपी ने उन्हें बुरी तरह से पीटा। इस दौरान आरोपी के घर से सुमित, विनीत की मां, सुशांत, नीतू, सत्यम, वीरेंद्र, संदीप, पन्ना, परवीन, रीषू, सचिन, मिंटू, शालू, मिंटू की पत्नी व छह अज्ञात लोग भी आ गए। युवती का आरोप है कि शोर सुन जब उनकी मां बीच–बचाव के लिए आईं तो आरोपियों ने उन्हें भी बुरी तरह से पीटा। आरोपियों ने पीड़िता के कपड़े फाड़ डाले और घर में घुसकर तोड़फोड़ की। लोगों की भीड़ जुटने पर आरोपी धमकाते हुए भाग निकले। पीड़िता मां के साथ अस्पताल गईं, जहां प्राथमिक उपचार हुआ। फिर उन्होंने पुलिस से शिकायत की। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी के मुताबिक पीड़िता और आरोपियों के बीच में मंदिर पर कब्जे का विवाद चल रहा है। इसी कारण आरोपियों ने वारदात की। चार आरोपियों को जेल भेजा गया है।

## एक्सप्रेसवे सहित मुख्य सड़क मार्गों की दुर्घटनाओं पर लगेगा अंकुश, लगाए जाएंगे ऑटोमैटिक हाइटेक उपकरण



लखनऊ, संवाददाता। प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए एक्सप्रेसवे, राष्ट्रीय और राज्य मार्गों पर हाईटेक उपकरणों की स्थापना की जाएगी। वित्त मंत्रालय के निर्देश पर परिवहन विभाग ने इसकी कवायद शुरू कर दी है। इनकी स्थापना स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट फॉर कैपिटल इंवेस्टमेंट योजना के तहत नगर विकास विभाग, पुलिस, परिवहन विभाग, परिवहन निगम, लोक निर्माण विभाग, यूपीडा, यीडा आदि द्वारा जल्द की जानी है। बता दें कि योजना के तहत हाई रिस्क कॉरीडोर, हाई डेंसिटी कॉरीडोर और क्रिटिकल जंक्शन पर इलेक्ट्रॉनिक इंफोर्समेंट डिवाइसेज स्थापित किए जाने हैं। हाई रिस्क कॉरीडोर के तहत तीनों तरह की सड़कों का एक किमी लंबाई का वह भाग चिन्हित किया जाएगा, जहां बीते 3 वर्ष में न्यूनतम तीन हादसे हुए हैं। वहीं शहरी और ग्रामीण इलाके की उन सड़कों को भी चिन्हित किया जाएगा, जहां 3 वर्ष में न्यूनतम दो हादसे हुए हैं। प्रमुख जिला मार्ग और अन्य जिला मार्ग का भी यही मानक होगा। इसके अलावा स्कूल और अन्य शैक्षिक संस्थानों के आसपास की सौ मीटर की सड़क भी इसके दायरे में आएगी। साथ ही, जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा नामित सड़कें भी हाई रिस्क कॉरीडोर के तहत शामिल की जाएंगी। वहीं उच्च घनत्व (हाई डेंसिटी) वाले कॉरीडोर के तहत ऐसे स्थान और सड़कें चिन्हित की जाएंगी, जहां यातायात उल्लंघन (ओवर स्पीडिंग, रेड लाइट जंपिंग, लेन अनुशासन हीनता, क्रॉस पेडेस्ट्रियन मूवमेंट) होता है। इसका लक्ष्य पैदल यात्री, दो पहिया वाहन, साइकिल चालकों की हादसे में होने वाली मौतों को रोकना है। वहीं क्रिटिकल जंक्शन के तहत तीनों तरह की सड़कों पर स्थित ऐसे जंक्शन को शामिल किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### स्कूलों में बच्चों की डिजिटल अटेंडेंस का विरोध शुरू

लखनऊ, संवाददाता। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की डिजिटल अटेंडेंस पर सख्ती के साथ ही शिक्षक संगठनों द्वारा इसका विरोध भी शुरू कर दिया गया है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (पांडेय गुट) ने इसके विरोध में एक नवंबर को जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर ज्ञापन देने की घोषणा की है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील पाण्डेय ने सभी प्रदेशीय, मण्डलीय संगठन मंत्री, जिला पदाधिकारियों को इसके लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि परिषदीय विद्यालयों के बच्चों की ऑनलाइन अटेंडेंस के विरोध के 24 अक्टूबर को अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा को पत्र भेजा गया था।

किंतु शासन स्तर पर सकारात्मक संदेश अभी नहीं मिला है। वहीं जिलों में विभागीय अधिकारियों द्वारा इस संबंध में अव्यवहारिक निर्देश जारी कर शिक्षकों पर अनुचित दबाव बनाया जा रहा है। इस क्रम में एक दिवसीय प्रदर्शन व ज्ञापन कार्यक्रम तय किया गया है। इसके द्वारा मुख्यमंत्री व बेसिक शिक्षा मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा जाएगा। पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि जिलों में शिक्षकों को इसकी सूचना देते हुए ज्यादा से ज्यादा संख्या में ज्ञापन कार्यक्रम में शामिल हो। उन्होंने कहा है कि इसके बाद भी विभाग इसमें बदलाव नहीं करता है तो फिर सभी से वार्ता कर आगे का निर्णय लिया जाएगा।

### ज्वैलर के यहां चोरी करने के बाद धरे गए

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ के बाजारखाला के भवानीगंज निवासी सराफ सनी सोनी के बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी करने के चार आरोपियों को बाजारखाला पुलिस ने शनिवार रात गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से चोरी किए गए एक लाख रुपये, आध ाा किलो चांदी के जेवर और घटना में इस्तेमाल की गई बाइक मिली है। एडीसीपी पश्चिम धनंजय कुशवाहा ने बताया कि सनी के पुराने मकान का ताला तोड़कर चोर 13 अक्तूबर की देर रात डेढ़ लाख रुपये और सोने व चांदी के जेवर चोरी कर ले गए थे। सनी ने 14 अक्तूबर को बाजारखाला थाने में केस दर्ज कराया था। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस को बाइक सवार चार चोरों की फुटेज मिली थी। फुटेज व सर्विलांस की मदद से शनिवार देर रात पुलिस ने भूसा मंडी के पास से चार आरोपियों मड़ियांव निवासी असगर अली, अब्दुल रहमान, फहद अहमद और अरसू को गिरफ्तार किया। आरोपी असगर अली पेशेवर चोर है। उसके खिलाफ पहले से मड़ियांव थाने में तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह दो अक्तूबर को जमानत पर रिहा होकर आया था। इसके बाद उसने तीन साथियों के साथ मिलकर सराफ के पुराने घर की रेकी की और फिर वारदात को अंजाम दिया।

इंस्पेक्टर बाजारखाला बृजेश सिंह ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वारदात को अंजाम देने के बाद अगले ही दिन वे लोग कैब बुक कर चोरी के रुपये से मौज–मस्ती करने मनाली चले गए थे। वहां पहुंचकर वे लोग होटल में रुके थे। वापस लौटते ही पुलिस ने सर्विलांस की मदद से उन्हें ट्रेस किया।

## प्रदेश में बढ़ सकती हैं बिजली दरें, उपभोक्ता परिषद ने लगाया साजिश का आरोप, सीएम से की दखल की मांग

लखनऊ, संवाददाता। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आरोप लगाया कि पॉवर कॉर्पोरेशन के कुछ अधिकारी इस वर्ष बिजली दर बढ़ाने की साजिश रच रहे हैं। वे गलत आंकड़ों के आधार पर विद्युत नियामक आयोग पर दबाव बना रहे हैं। इसके जरिये वे सरकार की छवि प्रभावित करना चाहते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि इस वर्ष भी बिजली दरें न बढ़ने दें। प्रदेश के सभी बिजली निगमों की ओर से पॉवर कॉर्पोरेशन विद्युत नियामक आयोग में वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) प्रस्ताव दाखिल किया। इस पर सभी निगमों मे सुनवाई हो चुकी है। नियमानुसार एआरआर दाखिल होने के 120 दिन में बिजली दरें निर्धारित होनी चाहिए, लेकिन 165 दिन बाद भी बिजली दरें घोषित नहीं की गई हैं। ऐसे में राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आरोप लगाया कि पॉवर कॉर्पोरेशन प्रबंधन और विद्युत नियामक आयोग मिलकर बिजली दर बढ़ाने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिजली कंपनियों और पावर कॉर्पोरेशन पर उपभोक्ताओं का लगभग 33122 करोड़ सरप्लस है। इसके बाद भी 28 से 45 फीसदी बिजली दर बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी लगभग 4,000 करोड़ का सरप्लस होने की संभावना है। ऐसे में कानून के तहत बिजली दरें नहीं बढ़ाई जा सकती हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर बिजली दर बढ़ाने के लिए तैयार किए गए गलत आंकड़ों का विवरण भी भेजा है।

## खाद संकट से जूझ रहे हैं प्रदेश के किसान, यूरिया की कालाबाजारी में शामिल हैं भाजपा के लोग

लखनऊ, संवाददाता। सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों को लगातार खाद संकट से जूझना पड़ रहा है। धान के बाद अब गेहूं और अन्य फसलों की बोआई के लिए खाद नहीं मिल रही है। डीएपी और एनपीके के लिए भी किसान भटक रहे हैं। अखिलेश यादव ने जारी बयान में कहा कि लखीमपुर खीरी, महोबा, फतेहपुर, बदायूं और अमेठी समेत अन्य जिलों में सहकारी समितियों पर किसानों की लंबी लाइनें लग रही हैं। खाद संकट कम नहीं हो रहा है। खाद की कालाबाजारी और मुनाफाखोरी जारी है। इस गोरखधंधे में भाजपा के लोग शामिल है। उन्होंने कहा कि भाजपा पूरी साजिश के तहत किसानों को खेती और उनकी जमीनों से दूर कर रही है। महोबा में हजारों किसान खाद के लिए सहकारी समितियों पर पहुंचे, लेकिन सिर्फ कुछ लोगों के अलावा किसी को खाद नहीं मिली। लखीमपुर में सहकारी समितियों पर खाद नहीं पहुंची। 2027 में भाजपा सत्ता से हटेगी, तभी किसानों की समस्याओं का समाधान होगा।

## बिजली कनेक्शन नहीं दिया तो मकान निर्माण ठप

लखनऊ, संवाददाता। चिनहट खंड के जिम्मेदारों ने सेवानिवृत्त पुलिस इंसपेक्टर को अस्थाई बिजली कनेक्शन नहीं दिया, जिससे उनके मकान का निर्माण ठप हो गया है। दरअसल, बिजली के अभाव में सबमर्सिबल नहीं चल पा रहा है। जबकि सेवानिवृत्त पुलिस इंसपेक्टर ने इस कनेक्शन के लिए 15 दिन पहले आवेदन किया था। सेवानिवृत्त पुलिस इंसपेक्टर बद्री नरायन सिंह निवासी गोमतीनगर विस्तार के खरगापुर ने बताया कि पत्नी संगीता सिंह के नाम से भवन निर्माण के लिए अस्थाई कनेक्शन का आवेदन किया था।

आवेदन के बाद इलाके का लाइनमैन चार बार निरीक्षण करने आ चुका, मगर रविवार तक बिजली कनेक्शन देने जाने की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। रविवार को उच्च स्तर पर शिकायत की, तो इलाके के जूनियर इंजीनियर भी आए और आश्वासन दिया कि रिपोर्ट लगाकर आगे बढ़ा दिया है। जब अधिशासी अभियंता अवकाश से वापस आएंगे तो कनेक्शन शुल्क जमा हो जाएगा। हालांकि, मुख्य अभियंता सुशील गर्ग ने आवेदक का सोमवार को अस्थाई बिजली कराने का वादा किया है।

## नाराज अभ्यर्थियों ने घेरा बसपा कार्यालय, सुरक्षा इंचार्ज को मांगों का ज्ञापन सौंपा

लखनऊ, संवाददाता। 69 हजार शिक्षक भर्ती में शामिल आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने रविवार को बसपा कार्यालय का घेराव किया और बसपा सुप्रीमो मायावती के सुरक्षा इंचार्ज को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे चाहते हैं मायावती उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचाएं और न्याय दिलाएं। लंबे समय तक हुए संघर्ष के बाद भी अभ्यर्थियों को किसी तरह की सफलता नहीं मिली। पुलिस ने सभी को हिरासत में लेकर धरना स्थल ईको गार्डेन भेज दिया। इनका कहना है कि हाईकोर्ट का जो फैसला आया था सरकार ने उसे जानबूझ कर लटका दिया जिससे यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट में चला गया।

## संक्षिप्त खबरें

### संजय गांधी पीजीआई में शुरू होगी फैटी लिवर और मोटापा क्लीनिक

लखनऊ, संवाददाता। संजय गांधी पीजीआई में हेपेटोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अमित गोयल ने बताया कि विभाग में फैटी लिवर और मोटापा क्लीनिक शुरू की जाएगी। प्रो. गोयल रविवार को संस्थान में लिवर पर आयोजित सम्मेलन में बोल रहे थे। प्रो. गोयल ने बताया कि फैटी लिवर की सबसे बड़ी वजह मोटापा है। यह बीमारी ध ाीरे–धीरे गंभीर रूप ले लेती है। फैटी लिवर आगे चलकर लिवर फेल होने की वजह बनता है। सावधानी बरतकर इस पर काबू पाया जा सकता है। इसलिए मोटापा और फैटी लिवर दोनों पर परामर्श देने के लिए क्लीनिक की शुरुआत की जाएगी। संस्थान के निदेशक प्रो. आरके धीमन ने कहा कि खानपान और खराब जीवन शैली की वजह से फैटी लिवर की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। इस पर ध्यान देना बेहद जरूरी है। इस मौके पर प्रोफेसर अनूप सराया, प्रोफेसर अजय दुसेजा, प्रोफेसर राकेश अग्रवाल और प्रोफेसर एसी आनंद मौजूद रहे।

### सपा के महानगर कार्यालय में मनाई गई संत नामदेव जयंती

लखनऊ, संवाददाता। समाजवादी पार्टी के लखनऊ महानगर कार्यालय पर रविवार को संत शिरोमणि नामदेव की जयंती मनाई गई। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष फाखिघ्र सिद्दीकी ने पिछड़ों, दलितों, गरीबों तथा शोषितों को जागृत करने वाले संत शिरोमणि नामदेव जी चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर पूर्व मंत्री प्रो. फिदा हुसैन अंसारी, पूर्व मेयर प्रत्याशी मीरा वर्धन, महानगर महासचिव इरशाद अहमद गुड्डू, लखनऊ महानगर मीडिया प्रभारी गौरव सिंह यादव, प्रदेश सचिव प्रदीप कनौजिया, अमित सक्सेना, प्रदीप शर्मा, तारा चंद्र यादव, सुधा जैसवार मौजूद थे।

### बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात से मौसम का यू–टर्न

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश के आसमान पर फिर से बादलों की सक्रियता बढ़ने वाली है। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी– दोनों तरफ से बन रहे मौसम तंत्रों के चलते प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक बेमौसम बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग का कहना है कि सोमवार को बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी के कई जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। साथ ही 27 से 31 अक्तूबर के बीच प्रदेश के कई जिलों में गरज–चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है।

बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी में 27 अक्तूबर को बारिश

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि पूर्व–मध्य अरब सागर पर बने लो प्रेशर एरिया से लेकर पश्चिमी मध्य प्रदेश तक फैली द्रोणी के कारण अरब सागर से नमी आ रही है। इसके चलते बुंदेलखंड क्षेत्र और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में 27 अक्तूबर को हल्की बारिश की संभावना है।

29 से 31 अक्तूबर के बीच पूर्वांचल में बारिश के आसार

दक्षिण–पूर्व बंगाल की खाड़ी में बना गहन अवदाब तेजी से प्रबल होकर गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल रहा है।

## छठ महापर्व पर रोशनी से नहाए नदियों के घाट, महिलाओं ने लिया 36 घंटे व्रत का संकल्प

लखनऊ, संवाददाता। राजध ाानी में छठ महापर्व की रौनक अपने उत्कर्ष पर है। रविवार को व्रतियों ने रसियाव–रोटी के साथ खरना किया। इसी के साथ छठ मैया को गुड़ की खीर का भोग लगाकर महिलाओं ने 36 घंटे व्रत का संकल्प लिया। सोमवार को शहर में सात लाख से अधिक श्रद्धालु अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे। इसके बाद मंगलवार सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के उपरांत व्रत का पारण किया जाएगा। रविवार शाम गोमती किनारे घाट रोशनी से जगमगा उठे और यहां बनीं रंग–बिरंगी सुशोभिताएं भी सज गईं। लक्ष्मण मेला घाट, कुड़ियाघाट, झूलेलालघाट और संझियाघाट समेत शहर के सभी घाटों पर अल्पना और मधुबनी चित्रकारी का अनूठा नजारा देखने को मिला। यहां वेदियों को गेरू और रंगों से खूबसूरत तरीके से सजाया गया।

बहुत से लोगों ने यहां सुशोभिता पर अपना नाम भी लिखा। मन्नत मांगने वालों ने कोसी भरी। सबसे बड़ा आयोजन लक्ष्मण मेला घाट पर हो रहा है जहां सोमवार शाम 4:30 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर शुभारंभ करेंगे। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज की ओर से आयोजित समारोह को लेकर रविवार देर शाम तक तैयारियां की जाती रहीं। मुख्यमंत्री के साथ ही प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, ऊर्जा मंत्री एसके शर्मा, राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्य, महापौर सुषमा खर्कवाल व अन्य मंत्री–विधायक समेत प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहेंगे। समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को भोजपुरी गौरव सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। दोपहर तीन बजे से 18 घंटे तक लगातार सांस्कृतिक आयोजन शुरू हो जाएंगे।

इन घाटों व स्थानों पर होगी छठ पूजा

लक्ष्मण मेला मैदान घाट, झूलेलाल घाट, संझिया घाट, कुड़ियाघाट, कुकरैल पिकनिक स्पॉट के पास, मनकामेश्वर वाटिका, खाटू श्याम मंदिर, कृष्णानगर में मानसनगर में, आलमबाग नहर, महानगर स्थित 35वीं पीएसी वाहिनी, कानपुर रोड पर एलडीए कॉलोनी सेक्टर–ई, रुचिखंड–2, सरोजनी नगर, दुर्गापुरी कॉलोनी, चिनहट में छोहरिया माता मंदिर प्रांगण समेत शहर में तकरीबन 200 स्थानों पर छठ मैया के पूजन के साथ ही

अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।

## अब थमेगी ट्रेनों में भीड़, मिलेंगी कन्फर्म सीटें, विमानों का किराया भी होगा सस्ता

लखनऊ, संवाददाता। दीपावली, भैया दूज व छठ पर्व को लेकर रेलवे स्टेशनों पर रविवार को भी भीड़ उमड़ी। बोगियां ठसाठस रहीं। लेकिन सोमवार से भीड़ का दौर थमना शुरू हो जाएगा। दो–तीन दिन बाद से दिल्ली की ट्रेनों में चेयरकार श्रेणी में कन्फर्म सीटें मिल रही हैं। लेकिन मुंबई की गाड़ियों में अभी भी वेटिंग है। यात्रियों के लिए कुछ राहत की खबर है। पिछले लंबे समय से दिल्ली व मुंबई की गाड़ियों में कन्फर्म सीटों की मारामारी चल रही थी। एक्स्ट्रा फेयर टिकट ईएफटी कटवाकर यात्रियों को सफर करना पड़ रहा था। लेकिन अब भीड़ कुछ कम होनी शुरू हो जाएगी। हालांकि रविवार को चारबाग, लखनऊ जंक्शन व अन्य रेलवे स्टेशनों पर भीड़ रही। अगले दो से तीन दिन अभी कुछ भीड़ रहेगी, उसके बाद ट्रेनों में कन्फर्म टिकट मिलेंगे। लखनऊ से दिल्ली जाने वाली तेजस एक्सप्रेस की चेयरकार में शुक्रवार व शनिवार को 111, 19 सीटें खाली हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस की चेयरकार में बृहस्पतिवार को 397, शुक्रवार को 636 व शनिवार को 264 सीटें रिक्त हैं। शताब्दी एक्सप्रेस की चेयरकार में बृहस्पतिवार व शुक्रवार को क्रमशः 32, 228 सीटें खाली हैं। डबलडेकर एक्सप्रेस की चेयरकार में मंगलवार को 74, बृहस्पतिवार को 789 व शुक्रवार को 887 सीटें खाली हैं। हालांकि लखनऊ मेल, एसी एक्सप्रेस जैसी वीआईपी ट्रेनों में अगले हफ्ते भी वेटिंग रहेगी।

मुंबई के लिए लंबी वेटिंग

दूसरी ओर लखनऊ से मुंबई जाने वाली गोरखपुर पनवेल की स्लीपर, थर्ड एसी में पूरे हफ्ते वेटिंग 89 व 60 के बीच है। पुष्पक एक्सप्रेस की स्लीपर व थर्ड एसी में 81 व 65 तक वेटिंग है। कुशीनगर एक्सप्रेस, पूजा स्पेशल ट्रेनों एवं अवध एक्सप्रेस में भी लंबी वेटिंग परेशानी का सबब बनेगी।

शेयरिंग टैक्सी से मिली राहत

छठ पर्व पर पूर्वांचल जाने वाले यात्रियों को ट्रेनों में कन्फर्म सीटें नहीं मिलने पर शेयरिंग टैक्सी का सहारा लिया। लखनऊ से गोरखपुर, गोंडा, बस्ती, वाराणसी, बहराइच, कुशीनगर आदि के लिए 12 हजार से अधिक यात्रियों ने शेयरिंग टैक्सी का सहारा लिया। एयरवॉक ट्रेवेल एजेंसी के आतिफ का कहना है कि शेयरिंग टैक्सी का चलन तेजी से बढ़ रहा है। यह अच्छी व सस्ती सुविधा है।

## बुरा फंसा सऊदी अरब कमाने गया युवक

लखनऊ, संवाददाता। सऊदी अरब में काम करने गए महराजगंज के युवक को रियाद में गिरफ्तार कर लिया है। सऊदी अरब की ज्यूडिशियरी ने युवक को तीन साल की सजा और 18 लाख भारतीय रुपये का जुर्माना लगाया है। युवक पर आरोप है कि वह सऊदी अरब से भागकर यमन जा रहा था। पीड़ित के परिजनों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से मदद की गुहार लगाई है। चंदापुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव निवासी विंध्या प्रसाद खेती करते हैं। उनका तीसरे नंबर का बेटा राजीव कमाने के लिए विदेश जाना चाहता था। राजीव और उसके पिता विंध्या ने रिश्तेदारों से कर्ज लेकर वीजा–पासपोर्ट बनवाए। सऊदी अरब जाने के लिए एजेंट ढूंढा। एजेंट ने राजीव को 2023 में सउदी अरब के रियाद में पानी का टैंकर चलाने के लिए भेजा। राजीव के पिता विंध्या ने बताया कि जब राजीव वहां पहुंचा तो उसे कचरा गाड़ी चलाने के काम पर लगा दिया। राजीव ने 6 महीने कर कचरा उठाने वाले ट्रेलर पर काम किया। एक दिन उसका फोन आया कि यहां उससे काम कराया जाता है, लेकिन उसे खाना पीना नहीं दिया जाता। उसे प्रताड़ित किया जाता है। इसके बाद उसका फोन आना बंद हो गया। 6 महीनों तक कोई फोन नहीं आया। घर में सभी लोग परेशान हो गए। एक दिन अचानक फिर से फोन आया। फोन पर दूसरी तरफ राजीव था। वह भूखे–प्यासे काम करने से परेशान हो गया था।

## झगड़े के बाद सीआईएसएफ कर्मी की बेटी ने दी जान

लखनऊ, संवाददाता। आशियाना के सेक्टर–पी निवासी सीआईएसएफ कर्मी संतोष कुमार की बेटी रिया कुमारी ने घर में झगड़े के बाद महानगर स्थित रिवर फ्रंट से गोमती नदी में कूद कर जान दे दी। शनिवार को उनका शव नदी में उतराता मिला। संतोष के मुताबिक वह मुंबई में तैनात हैं। शुक्रवार को वह घर आए थे। तभी किसी बात को लेकर बेटी का घरवालों से झगड़ा हो गया था। इस पर नाराज होकर वह घर से चली गई। काफी खोजबीन करने पर भी जब उन्हें कुछ पता नहीं चला। शनिवार शाम संतोष को महानगर पुलिस ने बेटी का शव नदी में मिलने की जानकारी दी। इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्र के मुताबिक घरवालों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

## बुजुर्ग महिला की इलाज में लापरवाही का आरोप, मौत

लखनऊ, संवाददाता। आलमबाग स्थित निजी अस्पताल में बुजुर्ग महिला के इलाज में लापरवाही बरती गई। इलाज के नाम पर डेढ़ लाख रुपये भी वसूल लिए गए। इलाज के दौरान बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। बेटे ने अस्पताल प्रशासन पर कोताही का आरोप लगाते हुए डिप्टी सीएम, सीएमओ से शिकायत दर्ज कराई है। बेटे ने मांग किया कि निजी अस्पताल के आरोपी डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। आर्थिक क्षति की भरपाई कराई जाए। सीएमओ ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। आलमबाग साकेतपुरी भिलावां निवासी दीपेंद्र नाथ के मुताबिक उन्होंने आठ अक्तूबर को मां रामकली 84 को कानपुर रोड स्थित एसकेडी अस्पताल में भर्ती कराया था। दीपेंद्र ने बताया कि मां की स्थिति गंभीर नहीं थी। जांच में पता चला कि माइनर पीलिया, किडनी व लिवर में संक्रमण है। अस्पताल प्रशासन ने आश्वासन दिया कि 24 घंटे भर्ती के बाद छुट्टी कर दी जाएगी। डॉक्टरों ने मरीज को सेमी प्राइवेट रूम में दो दिन तक भर्ती रखा। आरोप है कि डॉक्टरों ने उन्हें यह बताया कि मरीज का बीपी 160 पहुंचने एवं हार्ट अटैक आने के संदेह पर उन्हें आईसीयू में भर्ती कर लिया गया। हार्ट अटैक की रिपोर्ट निगेटिव निकली। तीन दिन आईसीयू में रखने के बाद चौथे दिन स्टाफ ने बताया कि हमारे पास पीलिया की जांच मशीन नहीं है। मरीज की स्थिति गंभीर है। इसलिए किसी और अस्पताल में ले जाएं। जान जाने पर हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। इलाज का विवरण (समरी) बनवाकर डिस्चार्ज करने के लिए अटेंडेंट से हस्ताक्षर करवा लिया गया। ऐसी गंभीर स्थिति में अन्य अस्पतालों में संपर्क किया गया, लेकिन कहीं पर बेड उपलब्ध ा न होने के कारण मां रामकली को शिफ्ट नहीं किया जा सका। रामकली की मृत्यु 15 अक्तूबर को अस्पताल में हो गई। दीपेंद्र नाथ और मंजू आर्या ने इस मामले की शिकायत डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, सीएमओ से लिखित रूप से की है। दीपेंद्र का कहना है कि अस्पताल प्रशासन के पास पीलिया संबंधित मशीन नहीं होने पर भी तीन दिन वार्ड और चार दिन आईसीयू में रखा। महंगे से महंगे इंजेक्शन व दवाइयां मंगाई गईं। अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की सुविध अंकित होने के बाद भी मरीज को बाहर ले जाकर अल्ट्रासाउंड कराया गया।

# चौदह कोसी व पंच कोसी परिक्रमा को लेकर कमिश्नर ने बैठक कर अधिकारियों को दिये निर्देश

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या। कमिश्नर राजेश कुमार की अध्यक्षता मे 14 कोसी व 5 कोंसी परिक्रमाध्कार्तिक मेला 2025 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ आयुक्त सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे आईजी प्रवीण कुमार,डीएम निखिल टीकाराम फुंडे,एसएसपी डा0 गौरव ग्रोवर सहित कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में कमिश्नर राजेश कुमार ने कहा कि 14 कोसी व पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के दोनों ओर निर्माण सामाग्रियां कुछ स्थानों पर पड़ी हुई है उसे तत्काल हटवाते हुये मार्ग को सुगम बनाया जाय।परिक्रमा मार्ग में जहां–जहां पर गिट्टिया उखड़ी हुई है वहां पर बालू डालकर परिक्रमार्थियों के नंगे पैर चलने योग्य बनाया जाय।कहा कि परिक्रमा मार्ग निर्माणाधीन होने के कारण जिन स्थानों पर स्थायी विद्युतध प्रकाश व्यवस्था क्षतिग्रस्त हो गयी है उसको ध्यान में रखते हुये मेलाधिकारी अस्थायी रूप से उन स्थानों पर प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित



करवायें तथा गड्ढों के स्थान पर पर्याप्त बेरीकेटिंग भी करायी जाय।उन्होंने अयोध्या धाम व अयोध्या कैंट स्टेशन के कुछ मालगाड़ी के लिए डायवर्जन तथा अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों से कहा कि बाहर से आने वाले श्रद्वालुओं के लिए पर्याप्त संख्या में बसें और रेलगाडियां होनी चाहिए,जिससे श्रद्वालुओं को आने जाने में असुविधा न हों। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि परिक्रमा मार्ग पर परिक्रमार्थियों की मूलभूत सुविधाओं हेतु पर्याप्त मात्रा में मोबाइल टॉयलेट, पेयजल की व्यवस्था व साफ–सफाई हेतु सफाई कर्मियों की तैनाती करते हुये उनके कार्यो की मॉनीटरिंग की जाये।उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि परिक्रमा के दौरान पर्याप्त संख्या में मेडिकल टीमों की तैनाती करते हुये कैम्प लगवाते हुये पर्याप्त मात्रा में एम्बुलेंस की भी व्यवस्था रहे, जिससे कि श्रद्वालुओं को तत्काल चिकित्सीय सुविधा प्रदान की जा सकें।आईजी प्रवीण कुमार ने कहा कि परिक्रमा मार्ग पर पड़ने वाली रेलवे क्रासिंगों पर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों के साथ रेलवे के अधिकारियों की भी तैनाती रहे जिससे कि रेलवे से समन्वय स्थापित कर सकें जिससे परिक्रमा के दौरान श्रद्वालुओं को असुविधा न हों।कहा कि क्रासिंग को खोलने व बंद करने के लिए विशेष ध्यान देकर कार्य करें और क्रासिंग के पास स्टेशन मास्टर, आर0पी0एफ0 तथा पुलिस मजिस्ट्रेट को निगरानी करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी श्री निखिल टीकाराम फुंडे ने कहा कि 14 कोसी व पंचकोसी परिक्रमा में ऐतिहासिक भीड़ होने की सम्भावना को ध्यान में रखते हुये।

# उद्यमी रत्न सम्मान से सम्मानित हुए यावर अली शाह

सिटी रिपोर्टर प्रत्यूष पाण्डेय

लखनऊ। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) लखनऊ चौप्टर की ओर से आयोजित उद्यमी रत्न अवॉर्ड एवं पुलिस सम्मान समारोह में 14 पुलिसकर्मियों और 9 उद्यमियों को सम्मानित किया गया। यहीं एएमए हर्बल ग्रुप के को–फाउंडर एवं सीईओ प्रतिष्ठित उद्योगपति श्री यावर अली शाह को उद्यमी रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान लखनऊ पुलिस के संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) श्री बब्लू कुमार ने प्रदान किया। सम्मान प्राप्त करने के बाद अपने संबोधन में श्री यावर अली शाह ने कहा, "मैं इस सम्मान के लिए



आईआईए लखनऊ चौप्टर के चेयरमैन श्री विकास खन्ना जी का आभारी हूं। यह पुरस्कार मैं अपनी एएमए टीम को समर्पित करता हूं, जो दिन–रात कंपनी की कामयाबी के लिए मेहनत कर रही है। किसी भी कम्पनी की कामयाबी उसके लोगों के डेडिकेशन और कड़ी मेहनत से ही संभव होती है।" श्री यावर अली शाह एक्जीक्यूटिव मेंबर, सीआईआई लखनऊ, वाइस चेयरमैन, आईआईए लखनऊ चौप्टर तथा वाइस प्रेसिडेंट, पीएडीएमए के रूप में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। समारोह में आईआईए लखनऊ चौप्टर के अध्यक्ष विकास खन्ना, सचिव राजीव जैन और सीनियर वाइस चेयरमैन वैभव अग्रवाल सहित उद्योग जगत के कई प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सोते युवक की चारपाई में अज्ञात लोगों ने लगाई आग युवक झुलसा, जिला अस्पताल में भर्ती

जौनपुर,। बक्शा थाना क्षेत्र के बेलापार गांव में रविवार की देर रात दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। गांव के एक युवक को सोते समय अज्ञात लोगों ने चारपाई पर पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया। घटना में युवक गंभीर रूप से झुलस गया है और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन करने में जुटी है। बेलापार गांव निवासी राजेन्द्र प्रसाद यादव का (30) पुत्र विनोद कुमार यादव, जो वाहन चलाकर परिवार का गुजारा करता है, रविवार की रात करीब ढाई बजे नौपेड़वा बाजार के पीछे नहर किनारे स्थित अपने घर के टिनशेड के नीचे चारपाई पर सो रहा था। इसी दौरान अज्ञात लोग पहुंचे और उसके ऊपर ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर आग लगा दी। युवक की चीख–पुकार सुनकर परिवारजन मौके पर पहुंचे और आग बुझाकर किसी तरह उसे नौपेड़वा सीएचसी ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक विनोद के शरीर का लगभग 50 प्रतिशत



हिस्सा जल गया है। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपी फरार हैं और उनके पहचान की कोशिश की जा रही है।इस मामले में मंगलवार को जानकारी लेने पर थानाध्यक्ष लक्ष्मण विक्रम सिंह ने बताया कि युवक की चारपाई सुतली की है नीचे से आग लगी है उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों द्वारा कोई तहरीर नहीं मिली है न किसी पर कोई आरोप लगा है पुलिस विभिन्न एंगल से जांच पड़ताल कर रही है परिजनों से पूछताछ किया जा रहा है। तहरीर मिलते ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ बबीता सिंह चौहान ने किया समीक्षा बैठक,दिया मातहतों को दिया आवश्यक निर्देश

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) उ0प्र0 राज्य महिला आयोग डॉ0 बबीता सिंह चौहान द्वारा विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। अध्यक्ष द्वारा संबंधित अधिकारियों से विभिन्न विभागों द्वारा संचालित महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। अध्यक्ष द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक से महिला उत्पीड़न संबंधी प्राप्त शिकायतों, महिला उत्पीड़न रोकने को लेकर की जा रही कार्यवाही, आदि के संबंध में जानकारी लेते हुए निर्देशित किया गया कि तहसील स्तर पर चौपाल लगाकर भी लोगों को जागरूक किया जाए। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि निराश्रित महिलाओं को पेंशन, बाल स्वराज योजना, राष्ट्रीय परिवारिक लाभ योजना सहित अन्य योजनाओं से पात्रों को आच्छादित किया जा रहा है। समाज कल्याण अधिकारी से छात्रवृत्ति योजना, सामूहिक विवाह, पेंशन योजना, अभ्युदय योजना आदि के संबंध में जानकारी ली गई। बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा में डीबीटी योजना, कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालयों की स्थिति, निःशुल्क यूनिफार्म, जीवन कौशल विकास योजना, शौचालयों की स्थिति आदि।

# बॉलीबॉल टूर्नामिंट का फाइनल भोले बिल्डिंग मैटीरियल टीम ने जीता



हरदोई (अम्बरीष कुमार सक्सेना) शाहाबाद नगर के मो0 मूजागढ़ में नालंदा स्कूल के समीप स्थित मैदान में आयोजित हिकमत उल्लाह मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामिंट में फाइनल मुकाबला में भोले बिल्डिंग मैटीरियल टीम ने फाइनल जीतकर खिताब अपने नाम किया।मुख्य अतिथि पूर्व विधायक आसिफ खां बब्बू ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। बॉलीबॉल टूर्नामिंट में सेमीफाइनल मैच में शाहाबाद चौलेंज और नूर कंपनी पंजाब के बीच कड़ा मुकाबला हुआ,जिसमें नूर कंपनी पंजाब ने शाहाबाद चौलेंज को शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया वही दूसरा सेमीफाइनल मिरगापुर टीम और भोले बिल्डिंग मटेरियल टीम के बीच खेला गया।यह मुकाबला भी काफी दिलचस्प रहा।जिसमें भोले बिल्डिंग मटेरियल टीम ने मिरगापुर टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला नूर कंपनी पंजाब टीम और भोले बिल्डिंग मटेरियल टीम के बीच खेला गया जो काफी रोमांचक हुआ।जिसमें भोले बिल्डिंग मटेरियल टीम ने नूर कंपनी पंजाब टीम को हराकर जीत की ट्रॉफी अपने नाम की।खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक आसिफ खां बब्बू ने कहा कि टूर्नामेंट काफी सराहनीय रहा।सभी खिलाड़ियों ने अपनी कुशल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।इन्हीं युवाओं में से आगे चलकर कोई भी हमारे नगर का नाम रोशन कर सकता है।जीत हासिल करने वाली टीम को बधाई वही हारने वाली टीम को निराश होने की नहीं बल्कि पुनः जोश से अगली तैयारी की जरूरत है।पूर्व विधायक ने सभी खिलाड़ियों को मैडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

# उज्जवल भविष्य के लिए लड़कियों को सशक्त होना जरुरी – मेनका सिंह

अयोध्या। रविवार को पंचायत भवन रैथुआ ब्लॉक मसौधा में दिशा संस्था ब्लॉक मसौधा द्वारा अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शांति डेवलपमेंट फाउंडेशन की अध्यक्ष मेनका सिंह रही।इस मौके पर उन्होंने कहा कि उज्जवल भविष्य के लिए लड़कियों को सशक्त होना जरुरी है।कहा कि आज भी भारतीय समाज में लड़कियों के के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया जाता है खान–पांच से लेकर शिक्षा तक स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक अधिकार तक उन्होंने आए हुए अभिभावकों से आवाहन किया की आए बालिकाओं के अधिकार के साथ हम खड़े हैं और उन्हें उनका अधिकार दिलाएं।विशिष्ट अतिथि का स्वागत ब्लॉक कोऑर्डिनेटर दिशा संस्था मसौधा राजा राम ने किया।ब्लॉक मोबिलाइजर कोऑर्डिनेटर यूनिसेफ ब्लॉक मसौधा धीरेन्द्र नाथ पाण्डेय द्वारा बताया गया कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा हर साल 26 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस



मनाया जाता है। इस बार का थीम है उज्जवल भविष्य के लिए लड़कियों को सशक्त बनाना।कार्यक्रम में नगर पंचायत भदरसा भारत कुंड टैक्स कलेक्टर अमित तिवारी जी ने संस्था को हर स्तर पर सहयोग करने की बात कही।कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा कई प्रेरणा स्रोत गीत राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत किए गए सभी कार्यक्रम प्रतिभागियों को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### दर्दनाक...ट्रेलर में भिड़ा ट्रक, मौत

भदोही, संवाददाता। गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के गिराईं के पास रविवार की भोर करीब चार बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रेलर में पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दिया। इससे ट्रक की केबिन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। उसमें सो रहे टुन्नी (20) निवासी मेडवन कन्नौज की मौत हो गई। घटना के बाद हाइवे का दक्षिणी लेन एक घंटे तक बाधित रहा। पुलिस ने मलबे को हटाकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कानपुर के बिल्हौर निवासी सानू पुत्र श्री राम सागर शनिवार को ट्रक यूपी 78 डीजी 0303 पर बिहार से सीमेंट लादकर कौशांबी के लिए निकला। उसके साथ उसका रिश्तेदार टून्नी भी था। रविवार को भोर में जैसे ही ट्रक गेराई के पास पहुंची, तभी आगे चल रही ट्रेलर यूपी 45 एटी 7584 को टक्कर मार दिया।

सड़क पर लगा जाम

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक चालक ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था, तभी ट्रेलर ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इससे पीछे से आ रही सीमेंट लदा ट्रक अनियंत्रित होकर ट्रेलर में जा भिड़ा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ट्रक में सवार टुन्नी केबिन में ही फंस गया। चौकी प्रभारी कुलदीप मिश्रा के नेतृत्व में फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से युवक को केबिन से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने ट्रेलर को कब्जे में ले लिया। चालक सानू ने बताया कि टुन्नी उसका रिश्तेदार था। वह शौक वश ट्रक में साथ घूमने आया था।

### पुलिस की नौ शिकायतें निस्तारित, लंबित रह गए राजस्व के 56 मामले

भदोही, संवाददाता। जिले के सभी नौ थानों में शनिवार को समाधान दिवस आयोजित किया गया। इसमें कुल 65 प्रार्थना पत्र आए, जिनमें पुलिस विभाग की नौ शिकायतें निस्तारित की गईं। वहीं राजस्व के सभी 56 शिकायतें लंबित रह गईं। उनके निस्तारण के लिए टीम गठित की गई है। राजस्वकर्मियों को मामलों का निस्तारण प्राथमिकता से कराने का निर्देश दिया गया है। ज्ञानपुर कोतवाली में तहसीलदार अजय सिंह की अध्यक्षता में शिकायतें सुनी गईं। यहां कुल आठ मामले आए, जिनमें दो का निस्तारण किया गया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, लेखपाल रजनीश बघेल आदि रहे। चौरी थाने में आए चार मामले लंबित रह गए। औराई कोतवाली में एसडीएम शैलेंद्र मणि त्रिपाठी और सीओ प्रभात राय ने शिकायतें सुनी। यहां 28 मामले आए, जिसमें पांच निस्तारित किया गया। सुरियावां में एसडीएम भदोही अरुण गिरी और सीओ एके मिश्रा ने समस्याएं सुनी। यहां आए 10 प्रार्थना पत्रों में सात राजस्व और तीन पुलिस विभाग से जुड़े रहे। पुलिस के दो मामले निस्तारित हुए। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक अजीत श्रीवास्तव आदि रहे। ऊंज थाने में एक मात्र प्रार्थना पत्र भी लंबित रह गया। दुर्गागंज थाना परिसर में समाधान दिवस प्रभारी भदोही तहसीलदार मिश्री सिंह चौहान और थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। यहां आए 10 मामलों में से दो निस्तारित किए गए। सभी थानों में कुल 65 प्रार्थना पत्र आए। इनमें 56 राजस्व और नौ पुलिस विभाग से जुड़े रहे।

# उन्नत गेहूं और बिना छिलके वाले जौ के बीज पाकर गदगद हुए किसान



अयोध्या।जिले के 72 किसानों का दल जब करनाल स्थित आईसीएआर भारतीय कृषि अनुसंधान प– भारतीय गेहूं एंव जौ अनुसंधान करनाल (हरियाणा) पहुंचा।जिसका आयोजन एनजीओ "मॉडर्न बेबी नर्सरी स्कूल समिति, जाना बाजार" एवं "सर्वोदय ग्रामीण सेवा संस्थान" के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।इस कार्यक्रम का नेतृत्व उप निदेशक कृषि,अंबेडकर नगर अश्वनी सिंह ने किया।वहां पर पहुंचे किसानों को आधुनिक खेती, प्राकृतिक खेती और शुगर–लेस आलू "कुफरी सूर्या" की नवीन तकनीकों की जानकारी दी गई।किसानों ने इस भ्रमण से न सिर्फ नई जानकारी प्राप्त की, बल्कि उन्नत किस्मों के बीज प्राप्त कर उनकी खुशी दोगुनी हो गई।किसानों को गेहूं की प्रजाति डी डब्लयू आर –386, जिसकी औसत उत्पादकता 80 से 90 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है, का बीज प्रदान किया गया।इसके अलावा उन्हें बिना छिलके वाले जौ के बीज भी दिए गए।जो पशुचारे और खाद्य उद्योग के लिए अत्यंत उपयोगी माने जा रहे हैं।इस मौके पर मौजूद किसानों ने कहा कि यह बीज उनकी खेती को नई दिशा देगा और उत्पादकता में अभूतपूर्व वृद्धि करेगा।भ्रमण मे आये किसानों ने कहा कि यहाँ पर आकर उन्हें जो ज्ञान व सीख मिली है उन तकनीकों को अपने खेतों में अपनाकर उत्पादन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।दल में शामिल किसानों में प्रमुख रूप से जिन्होंने बीज प्राप्त किया।उसमे मुख्य रुप से राजेश कुमार, अशोक सिंह, कपिल देव, सुरेश चंद्र, परशु राम वर्मा, शोभा राम वर्मा, शिवांकर, अनिल पाल, देव व्रत तिवारी, अवधेश कुमार, शशिवाकार, राम कुमार वर्मा, हुकुम केश वर्मा, गुनी राम वर्मा, केशव राम वर्मा, राजेश कुमार वर्मा, भीष्म यादव, माता प्रसाद, राम मूरत, सत्य नारायण तथा राम दुलार शामिल रहे।

# समर्थ पोर्टल पर सुझाव देने में जनपद को शीर्ष पर बनाए रखने में सहयोग की जिलाधिकारी ने की अपील

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र के कुशल नेतृत्व और प्रभावी निर्देशन में जनपद ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। शासन के "समर्थ पोर्टल" पर जनसहभागिता एवं सकारात्मक सुझावों के मामले में जनपद पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। समर्थ पोर्टल के माध्यम से शासन की नीतियों, योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन हेतु नागरिकों से रचनात्मक सुझाव प्राप्त किए जा रहे हैं। इस दिशा में जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में प्रशासनिक टीम द्वारा जनजागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके परिणामस्वरूप आम नागरिक, स्वयंसेवी संगठन, शिक्षण संस्थान एवं विभिन्न वर्गों के लोगों ने सक्रिय रूप से पोर्टल पर अपने सुझाव दर्ज किए जा रहे है। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने बताया कि "जनसहभागिता के बिना सुशासन की परिकल्पना अधूरी है। समर्थ पोर्टल नागरिकों की आवाज को सीधे शासन तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम बना है।" उन्होंने




बताया कि उनके द्वारा लगातार सभी विभागों, ग्राम पंचायतों, नगर निकायों एवं शैक्षणिक संस्थानों को समर्थ पोर्टल पर सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप बड़ी संख्या में जनपद वासियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, बुनियादी ढांचे, और डिजिटल शासन से संबंधित सुझाव दिए, जिससे जौनपुर ने प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि इसी तरह सकारात्मक सुझाव एवं सहभागिता भविष्य में भी जारी रहनी चाहिए ताकि जौनपुर विकास की नई ऊँचाइयों को छू सके। जिलाधिकारी ने शिक्षा, कृषि के क्षेत्र में नवाचार, स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, ग्रामीण विकास, समाज कल्याण स्वास्थ्य क्षेत्र सहित कुल 12 प्रमुख सेक्टरों में सुझाव देने की अपील की है। समर्थ पोर्टल पर डेस्कटॉप अथवा लैपटॉप का प्रयोग कर वेब पोर्टल http// samarthuttarpradesh-up-gov-in पर बिना लॉगइन किये आम जन सुझाव दर्ज दर्ज करा सकते है।

# रोटरी क्लब ग्रेटर फैजाबाद द्वारा भव्य दीपावली महोत्सव का आयोजन

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या। रोटरी क्लब ग्रेटर फैजाबाद द्वारा मैसॉनिक लॉज में दीपावली महोत्सव का भव्य आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।क्लब अध्यक्ष रोटेरियन संजीव सोनी ने दीपावली के महत्व एवं इतिहास पर प्रकाश डालते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम का सफल संचालन संस्थापक अध्यक्ष रोटेरियन अनुराग अग्रवाल एवं कार्यक्रम संयोजक रोटेरियन विभूति मोहन द्वारा किया गया।रोटरी क्लब की ग्रेटर विंग की चेयरपर्सन सपना रस्तोगी एवं कोषाध्यक्ष पूनम खत्री ने आए हुए सभी अतिथियों एवं सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया।कार्यक्रम में श्रद्धा अग्रवाल एवं क्षमा अग्रवाल द्वारा रोचक हाऊजी गेम का संचालन किया गया, वहीं कपल गेम का संचालन मनी कालरा एवं ऋषि कालरा ने किया,जिसमें राहुल केसरवानी एवं रश्मि केसरवानी विजेता रहे।वही दीपावली धमाका गेम के विजेता संजय एवं रचना अग्रवाल, श्रद्धा एवं अभिषेक अग्रवाल, रूबी एवं विपिन बंसल, पूजा एवं नितिन अग्रवाल, तथा निमिषा एवं अनुराग वैश्य रहे। जबकि पंक्चुअलिटी कपल अवॉर्ड प्राप्त करने वालों में

मोना एवं नमन रस्तोगी, संगीता एवं नीरज सिंघल, रश्मि एवं राहुल केसरवानी, रचना एवं संजय अग्रवाल, तथा वंदना एवं अरुण अग्रवाल शामिल रहे।संगीत और नृत्य से सजे इस दीपावली महोत्सव में सभी सदस्यों ने गीत–संगीत एवं मस्ती भरे पलों का भरपूर आनंद लिया।कार्यक्रम के अंत में रंग–बिरंगी आतिशबाजी ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया।इस अवसर पर मुख्य रुप से

अनुराग गर्ग, पार्थ अग्रवाल, दीपक मेहरोत्रा, अनुराग वैश्य, दिनेश सिंह, नितेश रस्तोगी, ऋषि कालरा, नीरज सिंघल, अतुल अग्रवाल, ऐश्वर्या रस्तोगी, अमित सिंघल, नमन रस्तोगी, विकेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, अरुण साकेत, दीपक रस्तोगी, रितेश गोयल, मुकेश अग्रवाल, हिमांशु कंसल, राहुल केसरवानी, विपिन बंसल, अभिषेक अग्रवाल, राकेश रस्तोगी, अखिलेश अग्रवाल, सुनील रस्तोगी, वंदना अग्रवाल, क्षमा अग्रवाल, मनी कालरा, निमिषा वैश्य, रोली दीप, रूमी रस्तोगी, श्रद्धा अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, मोना रस्तोगी, रचना अग्रवाल, रूबी बंसल, सोनी रस्तोगी, रश्मि केसरवानी, संगीता सिंघल, शिखा रस्तोगी, शालिनी गर्ग, पूजा रस्तोगी , आंशिकस पचेरीवाला , स्नेहा सिंघल आदि शामिल रहे।कार्यक्रम का समापन सभी सदस्यों द्वारा एक–दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए किया गया। रोटरी क्लब ग्रेटर फैजाबाद का यह दीपावली उत्सव स्नेह, एकता और आनंद का प्रतीक बन गया।

# छह केंद्रों पर होगी डीएलएड परीक्षा

सीतापुर, संवाददाता। डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) परीक्षा सोमवार से शुरू होगी। इस परीक्षा में 3,771 विद्यार्थी शामिल होंगे। इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। डायट प्राचार्य महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रथम व दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा के लिए छह केंद्र बनाए गए हैं। इनमें शहर में चार, कमलापुर व महोली में एक–एक केंद्र बना है। तीन दिवसीय परीक्षा में 3,771 विद्यार्थी शामिल होंगे। रोजाना दो पालियों में परीक्षा करवाई जाएगी।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी मे. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 – 7007415808, 9415034002
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।